वर्ष-14 - अंक 115
पृष्ट-08 मूल्य : 01 रुपया

सीतापुर
सोमवार,03 अगस्त 2026

RNI.No. UHIN/2012/43078

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें.......
9511151254

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

उत्तर-मौर्य काल की आर्थिक और मौद्रिक व्यवस्था पर .......... 3
नेपाल की सांप्रदायिक हिंसाः क्या बढ़ रहा है सामाजिक सौहार्द ....... 4
जमुरावां में विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला.............................. 08

## मानसून सत्र में हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार सरकार : केशव मौर्य



**लखनऊ(एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विधानसभा के आगामी मानसून सत्र को लेकर कहा कि राज्य सरकार सदन में उठाए जाने वाले हर मुद्दे पर जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने विपक्ष से भी लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हुए जनहित के विषयों पर सार्थक चर्चा करने की अपील की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा का प्रत्येक सत्र लोकतंत्र का महत्वपूर्ण मंच होता है, जहां जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीर और रचनात्मक बहस होनी चाहिए। विपक्ष का दायित्व है कि वह जनता की समस्याओं को सदन में उठाए और सरकार उन सभी प्रश्नों का तथ्यात्मक एवं प्रभावी उत्तर देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सदन का बहुमूल्य समय हंगामे और व्यवधान में नष्ट करने के बजाय विकास, जनकल्याण और प्रदेश के हित से जुड़े विषयों पर चर्चा होनी चाहिए। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव से जुड़े विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए केशव मौर्य ने कहा कि संत समाज, भगवान राम के भक्तों और हिंदू समाज का कथित अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के विरुद्ध ऐसे मामलों में शिकायत दर्ज होती है तो कानून के अनुसार प्राथमिकी दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए तथा दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने विपक्षी नेताओं पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव सहित कुछ अन्य नेताओं ने इस मामले में पप्पू यादव के कथित कृत्य का समर्थन किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार का रुख संत समाज और करोड़ों रामभक्तों की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कानून के दायरे में की जाने वाली हर कार्रवाई का समर्थन करती है। परिसीमन और महिला आरक्षण के मुद्दे पर भी उपमुख्यमंत्री ने विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की प्रस्तावित प्रक्रिया के तहत लोकसभा सीटों की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रावधान है, जिससे किसी भी राज्य की सीटें कम होने का प्रश्न ही नहीं उठता। ऐसे में परिसीमन का विरोध तथ्यों पर आधारित नहीं है। केशव मौर्य ने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन जैसे निर्णय देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने वाले कदम हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इन मुद्दों पर संकीर्ण राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित में सहयोग करने की अपील की। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि संसद और विधानसभा में सभी जनप्रतिनिधि लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए रचनात्मक भूमिका निभाएंगे।

## दिल्ली जेलों में अप्राकृतिक मृत्यु पर मिलेगा 7.5 लाख तक मुआवजा

### कस्टडी में मौत के मामलों में पीड़ित परिवारों को मिलेगी समयबद्ध राहत

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी की जेलों में अभिरक्षा (कस्टडी) के दौरान होने वाली अप्राकृतिक मौतों के मामलों में मृतक कैदियों के निकटतम परिजनों अथवा वैधानिक उत्तराधिकारियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए नई मुआवजा योजना अधिसूचित की है। इस योजना के तहत विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार 5 लाख रुपये से लेकर 7.5 लाख रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह पहल राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई है, जिससे पीड़ित परिवारों को समयबद्ध राहत मिलने के साथ जेल प्रशासन की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अभिरक्षा के दौरान किसी भी व्यक्ति की अप्राकृतिक मृत्यु अत्यंत गंभीर विषय है। ऐसे मामलों में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नई योजना का उद्देश्य जेल प्रशासन में जवाबदेही बढ़ाना और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाना है। दिल्ली सरकार के गृह (सामान्य) विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह योजना 'दिल्ली



जेलों में कैदियों की मृत्यु होने पर मुआवजा भुगतान योजना-2025' के नाम से लागू की गई है। यह केवल उन मामलों पर लागू होगी, जिनमें अधिसूचना जारी होने की तिथि अथवा उसके बाद दिल्ली की किसी भी जेल में किसी कैदी की अप्राकृतिक मृत्यु हुई हो। योजना के तहत यदि किसी कैदी की मृत्यु जेल के भीतर आपसी झगड़े, हिंसक घटना, जेल कर्मियों द्वारा कथित यातना या मारपीट के कारण होती है, तो उसके निकटतम परिजनों या वैधानिक उत्तराधिकारियों को 7.5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं, जेल अधिकारियों या कर्मचारियों की लापरवाही, चिकित्सा अथवा पैरामेडिकल कर्मचारियों की लापरवाही या अभिरक्षा के दौरान आत्महत्या के मामलों में 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक कारणों या बीमारी से हुई मृत्यु इस योजना के दायरे में शामिल नहीं होगी। इसके अलावा जेल से फरार होने अथवा वैध अभिरक्षा से भागने के प्रयास के दौरान हुई मृत्यु, प्राकृतिक आपदा अथवा अन्य विपदा के कारण हुई मौत पर भी मुआवजा नहीं दिया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार प्रत्येक मामले में संबंधित जेल अधीक्षक को मजिस्ट्रियल जांच रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु का अंतिम कारण, मृतक कैदी का चिकित्सकीय इतिहास तथा मृत्यु से पहले उपलब्ध कराए गए उपचार का पूरा विवरण महानिदेशक (कारागार) को भेजना होगा। इसके बाद महानिदेशक (कारागार) की अध्यक्षता में गठित समिति मामले की समीक्षा करेगी। समिति में सहायक महानिरीक्षक (कारागार), रेजिडेंट मेडिकल अधिकारी, उप नियंत्रक (लेखा) तथा विधि अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। समिति की संस्तुति के आधार पर विभाग के प्रशासनिक सचिव के समक्ष मुआवजा स्वीकृत करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मृतक के पात्र परिजनों को मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## नशा परिवार ही नहीं राष्ट्र की शक्ति भी कमजोर करता है : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशव्यापी 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ करते हुए युवाओं से नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने का आह्वान किया। 100 सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सहभागी बनाना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर प्रधानमंत्री ने भावुक शब्दों में नशे के दुष्परिणामों का उल्लेख करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शरीर को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की खुशियों और समाज की शक्ति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि किसी एक युवक का नशे की गिरफ्त में आना केवल उसकी व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे परिवार और राष्ट्र के लिए चिंता का विषय है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'नशा केवल शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाता। नशा एक मां की मुस्कान छीन लेता है, एक पिता के सपनों को चूर-चूर कर देता है, एक बहन की राखी की उम्मीद को कमजोर कर देता है और छोटे भाई के आदर्श को भी छीन लेता है। परिवार के बुजुर्ग अपने बच्चे को धीरे-धीरे बर्बाद होते हुए देखते हैं। जब ऐसा होता है तो केवल परिवार ही नहीं, राष्ट्र की शक्ति भी कमजोर पड़ती है।' उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब देश का युवा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, आत्मविश्वासी तथा नशे जैसी घातक प्रवृत्तियों से पूरी तरह मुक्त होगा। इसलिए समाज के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों और सामाजिक संगठनों को इस अभियान से जुड़कर इसे जनभागीदारी का आंदोलन बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान' केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का अभियान है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे के दुष्परिणामों को समझें, अपने मित्रों और परिवार को भी जागरूक करें तथा नशीले पदार्थों से दूर रहने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल कानून लागू करने से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए सामाजिक जागरूकता, परिवार का सहयोग, विद्यालयों और महाविद्यालयों में निरंतर संवाद तथा समाज की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक इस दिशा में अपना योगदान दे, तो देश को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य अवश्य प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, नवाचार, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में लगाएं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भारत लौटने पर मीराबाई चानू, लवप्रीत समेत वेटलिफ्टिंग टीम का हुआ भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में देश का नाम रोशन करके भारतीय वेटलिफ्टिंग टीम रविवार को स्वदेश लौटी। ग्लासगो में गोल्ड मेडल जीतने वाली मीराबाई चानू ने अपने प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। वहीं, लवप्रीत सिंह ने उनका समर्थन करने के लिए देशवासियों का धन्यवाद किया। दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के पहुंचने से पहले ही फैंस का जमावड़ा देखने को मिला। फैंस काफी समय पहले ही पहुंचकर अपने चहेते खिलाड़ियों का इंतजार कर रहे थे। खिलाड़ियों के एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी प्लेयर्स को माला पहनाई गई और जमकर ढोल-नगाड़े बजे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए भारतीय वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह देश के लिए गोल्ड मेडल जीत सकीं। मीराबाई ने कहा कि वह गोल्ड जीतकर गर्व महसूस कर रही हैं। मीराबाई चानू ने 48 किलोग्राम वर्ग में कुल 190 किलो का भार उठाते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। मीराबाई ने लगातार तीसरे कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता है।

### 11 केवी लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत

**फलोदी।** जिले के आऊ कस्बे में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब युवक ट्रक से सामान उतारने का कार्य कर रहा था। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आऊ निवासी चेतन पुत्र भैराराम भील (26) ट्रक से सामान उतार रहा था। जिस स्थान पर वह कार्य कर रहा था, उसके ठीक ऊपर से 11 केवी की विद्युत लाइन गुजर रही थी। इसी दौरान वह अचानक हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे उसे जोरदार करंट लगा और वह गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उसे आऊ उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही आऊ पुलिस चौकी प्रभारी मगाराम पुलिस दल के साथ अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।

## फसल बीमा में लापरवाही पर होगी जवाबदेही

**जयपुर(एजेंसी)।** राजस्थान सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के तहत खरीफ-2026 और रबी-2026-27 सत्र के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर वित्तीय संस्थानों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने स्पष्ट किया है कि फसल बीमा पॉलिसी तैयार करते समय किसानों की भूमि, फसल, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और अन्य सभी आवश्यक जानकारियां राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर पूरी तरह सही और सत्यापित रूप में दर्ज की जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही या गलत प्रविष्टि की जिम्मेदारी संबंधित वित्तीय संस्थान की होगी। कृषि आयुक्त ने इस संबंध में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के समन्वयक, अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार तथा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के राज्य प्रमुख को पत्र जारी कर योजना के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि पिछले वर्षों में यह देखा गया है कि कई मामलों में वित्तीय संस्थानों द्वारा किसानों की भूमि एवं फसल संबंधी विवरण का उचित सत्यापन किए बिना ही फसल बीमा पॉलिसियां तैयार कर दी गईं। परिणामस्वरूप राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर दर्ज विवरण और किसानों द्वारा वास्तव में बोई गई फसल के बीच अंतर सामने आया, जिससे बीमा दावों के निस्तारण में विवाद उत्पन्न हुए और किसानों को मुआवजा मिलने में अनावश्यक विलंब का सामना करना पड़ा। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी वित्तीय संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि बीमा पॉलिसी तैयार करने से पहले किसानों की भूमि का रिकॉर्ड, बोई गई अथवा प्रस्तावित फसल का विवरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाए और वही जानकारी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर दर्ज की जाए। आयुक्त ने कहा कि यदि बीमित फसल और किसान द्वारा वास्तव में बोई गई फसल के बीच कोई अंतर पाया जाता है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित वित्तीय संस्थान की होगी। ऐसे मामलों में किसानों को होने वाली परेशानी और क्लेम विवादों के लिए संबंधित संस्था जवाबदेह मानी जाएगी। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी किसान का फसल बीमा केवल उसकी स्पष्ट सहमति से ही किया जाए। केवल किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) में दर्ज फसल के आधार पर, बिना किसान की जानकारी या अनुमति के बीमा पॉलिसी तैयार करना नियमों के अनुरूप नहीं है और यह किसानों के हितों के विपरीत माना जाएगा।

## टोंक मेंश्रद्धालुओं से भरी बस खड़े ट्रेलर से टकराई, 23 घायल ,तीन जयपुर रेफर



**टोंक(एजेंसी)।** जैन तीर्थ स्थल पर दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की प्राइवेट बस सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछ से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार 23 लोग घायल हो गए।जिन्हें सआदत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, तीन लोगों को छान अस्पताल लेकर गए थे, वहां से सआदत अस्पताल भेज दिया। वहां से जयपुर रेफर कर दिया गया। सभी घायल जैन समाज के एक ही परिवार और रिश्तेदार थे। सभी कोटा और आसपास क्षेत्र के रहने वाले थे। घटना रविवार को सुबह 10.30 बजे हुई। हादसा जयपुर कोटा नेशनल हाईवे-52 घाड़ थाना क्षेत्र के नया गांव में हुआ। घाड़ थाना प्रभारी हरि राम वर्मा ने बताया- रविवार सुबह कोटा से निजी बस में सवार मेहंदवास थाना क्षेत्र के मौजमाबाद जैन तीर्थ स्थल पर दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान तीर्थ स्थल से करीब दस किमी पहले ही करीब साढ़े दस बजे इनकी बस नया गांव के पास रोड पर खड़े ट्रेलर के पीछे से टकरा गई। बस में 20-25 यात्री सवार थे। घायलों में अधिकतर महिलाएं-पुरुष थे। एंबुलेंस और निजी वाहनों के जरिए घायलों को अस्पताल लाया गया। वहीं, तीन लोगों को जयपुर रेफर कर दिया गया।घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने बताया- सूचना मिलते जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की।

## जालौर गेट पर जर्जर शौचालय की दीवार बनी हादसे का सबब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**जोधपुर।** शहर के भीतरी क्षेत्र स्थित व्यस्ततम जालौर गेट इलाके में सार्वजनिक सुलभ शौचालय की जर्जर दीवार लोगों के लिए गंभीर खतरा बन गई है। बालवाड़ी स्कूल के सामने और नाले के समीप स्थित इस शौचालय की दीवार नीचे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवार की नींव कमजोर पड़ गई है और यह किसी भी समय भरभराकर गिर सकती है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। जालौर गेट क्षेत्र शहर के प्रमुख व्यावसायिक और आवासीय इलाकों में शामिल है। यहां दिनभर भारी संख्या में राहगीरों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और स्थानीय व्यापारियों का आवागमन रहता है। शौचालय के ठीक सामने बालवाड़ी स्कूल होने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार शौचालय की दीवार नीचे से गल चुकी है और कई स्थानों पर ईंटें उखड़ने लगी हैं। दीवार बिना किसी मजबूत सहारे के खड़ी है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## भाजपा सरकार प्रदेश के लिए संकट, सत्ता परिवर्तन से ही होगा समाधान : अखिलेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार प्रदेश के लिए संकट बन चुकी है और सत्ता परिवर्तन के बाद ही प्रदेश की समस्याओं का समाधान संभव होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने छात्रों, युवाओं और बेटियों के साथ अन्याय किया है तथा आंदोलनों को दबाने के लिए पुलिस के माध्यम से बर्बर कार्रवाई कराई है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में



आयोजित प्रेस वार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके मंत्रियों ने आंदोलनकारी छात्रों के साथ समझौता कर यह आश्वासन दिया था कि उनके खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा और न ही उनका उत्पीड़न होगा। लेकिन अब छात्रों को प्रताड़ित किया जा रहा है, जिससे सरकार की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में यदि सरकार अपने वादों पर कायम नहीं रहती तो जनता का विश्वास कमजोर होता है। फतेहपुर की घटना का उल्लेख करते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि वहां विद्यालय के बच्चों ने केवल पीने के पानी और कक्षाओं में पंखे लगाने जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग की थी। जब उनकी मांग स्वीकार कर ली गई, तब बच्चों और उनके परिवारों को परेशान करने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने घोषणा की कि समाजवादी पार्टी के विधायक प्रभावित छात्रों और उनके परिवारों से मिलकर हर संभव सहायता प्रदान करेंगे तथा किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का दावा करने वाली सरकार को पहले सरकारी विद्यालयों में बिजली, पानी, पंखे और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। उनका कहना था कि विकास के बड़े दावों के बीच शिक्षा व्यवस्था की आधारभूत जरूरतें अब भी पूरी नहीं हो सकी हैं।

## भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी 65 प्रतिशत युवा आबादी में निहित है : मनोज सिन्हा

**श्रीनगर(एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी में निहित है, जो कुल आबादी का लगभग 65 प्रतिशत है। एलजी सिन्हा ने युवा मामले एवं खेल विभाग और एसकेयूएएसटी-कश्मीर द्वारा आयोजित एक केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय समारोह में 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' के शुभारंभ में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से 100 सप्ताह के इस मेगा अभियान का उद्घाटन किया, जो युवाओं को सशक्त बनाकर और नशीली दवाओं के खतरे को खत्म कर भारत के भविष्य को सुरक्षित करने के राष्ट्रव्यापी संकल्प का प्रतीक है।



जम्मू-कश्मीर के युवाओं को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी युवा आबादी में निहित है, जिसमें लगभग 65 प्रतिशत लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। 15-29 आयु वर्ग के 37 करोड़ युवा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए उत्सुक हैं। 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प' अभियान के तहत इस आयु वर्ग को प्रेरित करना, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और विकास में सक्रिय भागीदारी के लिए मार्गदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि भारत के युवाओं को ऊर्जा के बादल की तरह उभरना चाहिए, जो विकास के क्षितिज पर फैल जाए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 2020 में शुरू किया गया नशा मुक्त भारत अभियान महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि मादक पदार्थों के खतरे के खिलाफ एक सामाजिक आंदोलन है। इसका उद्देश्य नागरिकों में आत्म-अनुशासन, सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प जैसे मूल्यों को विकसित करना है। उपराज्यपाल ने कहा कि देशभर में लगभग 10,000 स्थानों पर एक करोड़ से अधिक युवा 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत संकल्प अभियान' में शामिल हो रहे हैं, जो युवाओं को नशीले पदार्थों से बचाने के लिए समाज की सामूहिक जिम्मेदारी को दर्शाता है। 100 सप्ताह के इस अभियान में 35,000 से अधिक 'एमवाई भारत' युवा क्लब, नेहरू युवा केंद्र, स्कूल, कॉलेज और उद्योग संगठन भाग ले रहे हैं, जो देशभर में हर रविवार को युवाओं को आपस में जोड़ता है। उपराज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल समाज से नशे को जड़ से खत्म करने में एक मील का पत्थर साबित होगी। जम्मू-कश्मीर के युवाओं को बधाई देते हुए उन्होंने 11 अप्रैल से 20 जुलाई तक चलाए गए 100 दिवसीय नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

मनोज सिन्हा ने कहा कि यह अभियान पूरे देश के लिए सफलता का एक आदर्श बन गया है।

## पाकिस्तान ने सिंधु संधि की सद्भावना खत्म की, भारत का भरोसा तोड़ा : विनय क्वात्रा

**वाशिंगटन(एजेंसी)।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कहा है कि वर्ष 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुई सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना पर आधारित थी, लेकिन पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों में सीमा पार आतंकवाद और शत्रुतापूर्ण रवैये के कारण उस विश्वास को पूरी तरह समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा संधि का निलंबन किसी नई स्थिति का निर्माण नहीं, बल्कि उस वास्तविकता को औपचारिक रूप देना है जिसे पाकिस्तान के व्यवहार ने पहले ही नष्ट कर दिया था। अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक में प्रकाशित अपने लेख में विनय क्वात्रा ने कहा कि सिंधु जल संधि के तहत भारत को सिंधु नदी प्रणाली की तीन पूर्वी नदियों पर अधिकार मिला, जिनमें कुल जल का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि पाकिस्तान को तीन पश्चिमी नदियों



का लगभग 80 प्रतिशत जल उपयोग का अधिकार प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस असमान व्यवस्था के बावजूद भारत ने छह दशक से अधिक समय तक संधि का पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ पालन किया। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के कारण भारत के कई क्षेत्रों में जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और विकास की संभावनाएं प्रभावित हुईं, फिर भी भारत ने अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का सम्मान किया। हालांकि, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए सिंधु जल संधि को निलंबित करने का निर्णय लिया।

# नई पाइपलाइन बनी मुसीबत

## लीकेज से रोज बह रहा हजारों लीटर पानी, मोहल्लेवासी बूंद-बूंद को तरसे

**गांधी नगर की कबीर मंदिर वाली गली में जलापूर्ति ठप**

**हैंडपंपों के सहारे गुजर-बसर, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



गांधी नगर स्थित कबीर मंदिर वाली गली में नई पेयजल पाइपलाइन लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन गई है। पाइपलाइन में हुए लीकेज से प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है, जबकि उसी गली के अधिकांश घरों में नलों से पानी नहीं पहुंच रहा। जलापूर्ति बाधित होने से मोहल्लेवासियों को पीने के पानी के लिए भी हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान तकनीकी खामियों के कारण लाइन में लीकेज हो गया। सुबह जलापूर्ति शुरू होते ही काफी देर तक पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी रहती है। एक ओर अमूल्य पेयजल नालियों में बह रहा है तो दूसरी ओर लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए परेशान हैं। मोहल्ले वासियों का कहना है कि कई दिनों से घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। कई परिवारों के नलों में पूरी तरह जलापूर्ति बंद है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सुबह-शाम हैंडपंपों पर लंबी कतार लगाकर पानी भरना पड़ रहा है। घरेलू कार्यों के साथ-साथ पीने के पानी की व्यवस्था करना भी बड़ी चुनौती बन गया है। नागरिकों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। न तो लीकेज की मरम्मत कराई गई और न ही कोई तकनीकी टीम मौके पर पहुंची। इससे लोगों में विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार जल संरक्षण और जल है तो कल है जैसे अभियानों के माध्यम से पानी बचाने का संदेश देती है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल बर्बाद हो रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते लीकेज ठीक नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में जल संकट और गहरा सकता है। मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन और जल संस्थान से मांग की है कि पाइपलाइन के लीकेज को तत्काल दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## उधार रुपये देने से इनकार पर दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटसेमरा में उधार रुपये देने से मना करने पर एक युवक ने किराना दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दुकानदार का दाहिना हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डायल-112 पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसके हाथ में 22 टांके लगाए गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पटसेमरा निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र कुम्मेर सिंह गांव में किराने की दुकान संचालित करता है। शनिवार दोपहर करीब एक बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव का ही बोबी राजा पुत्र हरनाम सिंह दुकान पर पहुंचा और उससे पांच हजार रुपये उधार मांगे। मानवेन्द्र ने रुपये देने से मना कर दिया, जिससे नाराज होकर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने अंजाम भुगतने की धमकी दी और अपने घर चला गया। कुछ देर बाद वह कथित रूप से धारदार हथियार लेकर वापस आया और मानवेंद्र पर हमला कर दिया। हमले से बचने के प्रयास में धारदार हथियार मानवेन्द्र के दाहिने हाथ पर लगा, जिससे उसका हाथ गहराई तक कट गया और काफी खून बहने लगा। सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान घायल के हाथ में 22 टांके लगाए। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बोबी राजा के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1), 115(2) और 352 के तहत मुकदमा कायम किया है।

# ऑपरेशन जागृति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

### वैवाहिक विवाद सुलझाने वाले दंपतियों और काउंसलरों का हुआ सम्मान

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित सभागार में रविवार को ललितपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करते हुए पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान में संवाद और काउंसलिंग की अहम भूमिका पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं एवं नागरिकों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, महिला हेल्पलाइन, बाल संरक्षण कानूनों तथा महिला अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस एवं संबंधित विभागों से संपर्क करें और उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें। कार्यक्रम में अपराध से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली सहायता, काउंसलिंग और त्वरित पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। साथ ही युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावकों को पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए आपसी संवाद, समझदारी और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी गई। इस दौरान काउंसलिंग एवं आपसी सहमति के माध्यम से अपने वैवाहिक विवादों का समाधान कर दोबारा सुखद पारिवारिक जीवन की शुरुआत करने वाले दंपतियों को पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट एवं प्रभावी काउंसलिंग कार्य करने वाले काउंसलरों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने में सराहनीय योगदान देने वाली महिला आरक्षियों को प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की मौत

**मिर्चवारा के पास हुआ हादसा, मोबाइल भी गायब**

**ललितपुर**। कोतवाली महरौनी क्षेत्र स्थित मुडिया परमहंस की कुटी निवासी राजेश कुमार पुत्र स्व. गोकुल प्रसाद में मजदूरी करता था। शुक्रवार रात करीब 10.25 बजे वह अपनी हीरो होंडा पैशन प्रो (यूपी-94 एम-2438) से काम खत्म कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह ग्राम मिर्चवारा के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और राजेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हादसे के बाद उनके भाई का एंड्रॉयड मोबाइल फोन भी मौके से गायब मिला। उन्होंने मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर अज्ञात वाहन और मोबाइल का पता लगाने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी), 106 एवं 324(2) के तहत मुकदमा कायम किया है।

### एनटीपीसी में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बने नवल यादव, बढ़ाया ललितपुर का गौरव

**महरौनी**। महरौनी तहसील के ग्राम बारचौन निवासी नवल यादव, पुत्र आशाराम यादव, का चयन भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीन महारत्न कंपनी एनटीपीसी (NTPC) में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (समूह 'ए') पद पर हुआ है। उन्होंने आईईटी, लखनऊ से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक. की शिक्षा प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि उनका चयन पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (POWERGRID) में भी हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने करियर के लिए एनटीपीसी को प्राथमिकता दी।

नवल यादव की इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। ग्रामवासियों ने इस जनपद के लिए गौरव का क्षण बताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। नवल यादव ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और परिवार को देते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# भूमाफिया व राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से जमीन हड़पने का आरोप

### प्रधानमंत्री समेत उच्च अधिकारियों से जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



कस्बा मडावरा की निवासी एवं वर्तमान में इलाइट चौराहा में रह रही भावना जैन पत्नी राजेश कुमार ने भूमाफिया तथा राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर कथित मिलीभगत कर उनकी भूमि से संबंधित मामले में फर्जीवाड़ा करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद अध्यक्ष, झांसी मंडल आयुक्त तथा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। आवेदिका का आरोप है कि कुछ लोगों ने कथित रूप से राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से हदबंदी वाद संख्या 25/2016 (3443, 2023) में अनियमितताएं करते हुए लगभग सात वर्ष बाद 24 अगस्त 2023 को फर्जी आदेश पारित करा लिया। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया में राजस्व नियमों का पालन नहीं किया गया। भावना जैन का आरोप है कि वाद की सुनवाई के दौरान मृत व्यक्तियों को पक्षकार बनाया गया, जबकि संबंधित पड़ोसियों और मेड़धारकों को पक्षकार नहीं बनाया गया। साथ ही, आवश्यक सरकारी शुल्क भी नियमानुसार जमा नहीं कराया गया। उन्होंने इसे सुनियोजित तरीके से भूमि पर कब्जा करने का प्रयास बताया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल सहित विभिन्न सक्षम अधिकारियों के समक्ष दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ शिकायत प्रस्तुत की, लेकिन संबंधित राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार पांडे तथा लेखपाल द्वारा तथ्यों की अनदेखी करते हुए कथित रूप से गलत एवं भ्रामक जांच आख्या प्रस्तुत कर दी गई। आवेदिका ने अपने प्रार्थना पत्र में मांग की है कि 24 अगस्त 2023 के कथित फर्जी आदेश की झांसी मंडल आयुक्त स्तर से निष्पक्ष जांच कराई जाए, आदेश को निरस्त किया जाए तथा मामले में संलिप्त पाए जाने वाले राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित भूमाफिया के विरुद्ध विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाए।

# ईद-मिलादुन्नबी की नई जलसा कमेटी का हुआ गठन



### शहर पेश इमाम की सदारत में निकलेगा जुलूस

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर

ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर आयोजित होने वाले जलसे और जुलूस को भव्य व अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिए सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन कर लिया गया है। शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन की अध्यक्षता (सदारत) में ईद-मिलादुन्नबी का जलसा आयोजित किया जाएगा जबकि हाजी वसीम उद्दीन और मोहम्मद कलीम को खजांची (कोषाध्यक्ष) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में पेश इमाम ने सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां बांटते हुए जलसे को पूरे अकीदत, अमन और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। यह फैसला शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। बैठक की शुरुआत में बीते 26 जुलाई को नदीपुरा स्थित कयामगाह में हुई पिछली बैठक की समीक्षा की गई। बीते 26 जुलाई की बैठक में जिला मुस्लिम एसोसिएशन के कार्यवाहक सदर मोहम्मद असलम कुरैशी ने आगामी ईद-मिलादुन्नबी के जलसे को भव्य और अनुशासित तरीके से कामयाब बनाने के लिए एक नई कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन और समाज के सभी वर्ग जलसे को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। असलम कुरैशी के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक राय होकर अपनी सहमति दी, जिसके बाद शहर पेश इमाम ने नई कमेटी के गठन की औपचारिक घोषणा की। जुलूस और जलसे की व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सदस्यों ने जुलूस के मार्ग, सजावट, लंगर व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए अपने पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया। बैठक में मोहम्मद नसीम, हैदर खान, पार्षद अब्दुल बारी, अब्दुल शकीरा अलीम, इमरान मंसूरी, रज्जब अली शाह खादिम, हबीब बाबूजी, वसीम हुसैन, साहिल, सलमान, विक्की, इमरान गोविंद नगर, इमरान अली नदीपुरा, वसीम मलंग, मोहम्मद राशिद पान वाले, आरिफ बेग, आजाद ठेकेदार, इरफान अहमद, अकबर अली आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार धर्मेंद्र सिंह परमार के पिता को महरौनी मीडिया ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**महरौनी**। पत्रकार धर्मेंद्र सिंह परमार (छायन) के पूज्य पिता स्वर्गीय ठाकुर राज महेंद्र सिंह के निधन पर रविवार को महरौनी मीडिया परिवार द्वारा शोकसभा आयोजित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों ने दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान महरौनी मीडिया परिवार के पत्रकारों एवं मीडिया प्रतिनिधियों ने पत्रकार धर्मेंद्र सिंह परमार और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दुःख की इस घड़ी में हरसंभव साथ देने का भरोसा दिलाया। शोकसभा में आर.पी. गोस्वामी, आशाराम तिवारी, दिनेश विदुआ, ताहर सिंह, विपिन पाण्डेय, लक्ष्मीनारायण ताम्रकार, राजीव सिंघई (मोनू), दुष्यंत बड़ोनिया, जितेंद्र तिवारी, शिवेंद्र भदौरिया, सूर्यकांत त्रिपाठी, शैलेन्द्र नायक, देवेंद्र तिवारी, संजय भौंडेले, बबलू रत्नाकर, शंकर सिंह सिकरवार, आनंद पंडा, अजय राजा, सोनू खरे, निशु दुबे, लखनलाल, आशीष सेन, ऋषि तिवारी, मनोज सेन सहित महरौनी मीडिया के समस्त पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# देशी शराब की दुकान पर ओवर रेटिंग और समय से पहले बिक्री का आरोप

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर



बिरधा चौकी क्षेत्र के अंतर्गत तालाब के पास स्थित देशी शराब की दुकान पर निर्धारित समय से पहले शराब बिक्री, ओवर रेटिंग और कथित कालाबाजारी किए जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों ने आबकारी विभाग, पुलिस एवं जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार सुबह लगभग 8.23 बजे दुकान पर शराब की बिक्री की जा रही थी, जबकि नियमानुसार दुकान का संचालन सुबह 10 बजे से होना चाहिए। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि दुकान पर सुबह से ही ग्राहकों को शराब उपलब्ध कराई जा रही थी। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि देशी शराब के क्वार्टर का निर्धारित मूल्य 55 रुपए होने के बावजूद ग्राहकों से अधिक कीमत वसूली जा रही है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से दुकान पर ओवर रेटिंग और कथित कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण हो रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि संबंधित दुकान के ठेकेदार का नाम राकेश अगरिया बताया जा रहा है। वहीं, शिकायत में गौरव चंदेल एवं आनंद कुशवाहा के नाम का भी उल्लेख करते हुए अवैध बिक्री में संलिप्त होने के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आबकारी विभाग और जिला प्रशासन मौके पर जांच कर सीसीटीवी फुटेज, बिक्री रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों की जांच कराए तथा यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए।

# विद्युत विभाग के एसडीओ को दी भावभीनी विदाई

### मड़ावरा में लंबे और निर्विवादित कार्यकाल को सराहा

स्वतंत्र प्रभात | मडावरा



मडावरा विद्युत उपकेंद्र में रविवार को भावुक माहौल के बीच उपखंड अधिकारी (एसडीओ) विनोद कुमार राजपूत के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। लगभग चार वर्षों तक मडावरा में अपनी सेवाएं देने के बाद उनका स्थानांतरण बस्ती कर दिया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर, पुष्पगुच्छ और स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान पूर्वक विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एसडीओ बिनोद कुमार राजपूत भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि मडावरा तहसील में बिताया गया समय उनके जीवन की अविस्मरणीय यादों में शामिल रहेगा।

उन्होंने सभी सहयोगियों और क्षेत्रवासियों के स्नेह व सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए नए एसडीओ के साथ मिलकर उपखंड की विद्युत सेवाओं को और बेहतर बनाने की अपील की। विदाई समारोह के दौरान विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में मडावरा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ। उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान, टीम भावना के साथ कार्य करने की शैली तथा कर्मचारियों के प्रति सहयोगात्मक व्यवहार ने उन्हें एक कुशल अधिकारी के साथ-साथ मार्गदर्शक और परिवार के सदस्य जैसी पहचान दिलाई। जिनका लंबा और निर्विवादित कार्यकाल हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता विशाल सिंह, उपखंड अधिकारी महरौनी मनोज कुमार कुशमारिया, उपखंड अधिकारी बाईपास लोकेश, सहायक अभियंता अभिनाश जैन, कार्यालय सहायक अनुराग ठाकुर, जेई मडावरा मनोज कुमार, जेई सौजना अब्दुल्लाह, विजिलेंस जेई किशन कुमार शुक्ला सहित ललितपुर, मडावरा और सौजना के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

समारोह में प्रभात खरे, शालू हुसैन, मोहित, रवि, दीपक गुप्ता, सोनू खटीक, अनुराग पाराशर, संदीप विदुबा, गौरव दुबे, बोबी खटीक, अनिल कुमार, राजेश सेन, ध्रुवपाल सिंह, सूरज कुशवाहा, सत्येंद्र खटीक, मुकेश कुमार, पवन कुशवाहा, अनिल सेंगर, विजय सेंगर, कल्लू राजा, दीपक कुशवाहा, नीलेश कुशवाहा, भगवान सिंह, हरदेव सिंह, रानू नायक, भरत यादव, देशराज, रज्जू राजा, पिंकू राजा, संजू वैद्य, कुंवर लाल, सौरभ दुबे, रामचरण, सौरभझा, सोनू सिंह, केहर, नीलेश पटैरिया, तिलक सिंह, शरत सिंह सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेत से सरकारी सोलर पंप की चार प्लेटें व कंट्रोलर चोरी

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक किसान के खेत में लगे सरकारी सोलर पंप को निशाना बनाते हुए उसकी चार सोलर प्लेटें और कंट्रोलर चोरी कर लिया। घटना के बाद किसान ने काफी तलाश की, लेकिन चोरी हुए उपकरणों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खिरकापुरा निवासी हनुमत सिंह पुत्र स्व.नंदलाल कुशवाहा का बाईपास रोड पर खेत है। खेत में सिंचाई के लिए शासन की योजना के अंतर्गत 3 एचपी क्षमता का सोलर पंप स्थापित कराया गया था। आरोप है कि 23 जुलाई की मध्यरात्रि अज्ञात चोर खेत में पहुंचे और सोलर पंप की चार सोलर प्लेटें तथा कंट्रोलर खोलकर चोरी कर ले गए। अगली सुबह खेत पर पहुंचने पर किसान को चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद उसने आसपास के क्षेत्रों में उपकरणों की काफी तलाश की और लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उसने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत चोरी का मुकदमा कायम किया है।

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले

**क्रॉस एफआईआर दर्ज, हत्या के प्रयास समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा**

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के ग्राम इमलिया में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों, तलवार, फरसा, कुल्हाड़ी और भाले से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बार और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम इमलिया निवासी भोले तिवारी पुत्र रामकंकन तिवारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 24 जुलाई को गांव के सुजान सिंह, राघवेन्द्र, बृजकिशोर, संतोष, रामसजीवन, जगत सिंह तथा चार अज्ञात लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की थी। आरोप है कि अगले दिन 25 जुलाई की शाम करीब सात बजे उक्त लोग महेंद्र सिंह व तीन अन्य साथियों के साथ लाठी-डंडे, तलवार और भाले से लैस होकर दोबारा उनके घर पहुंचे और हमला कर दिया। इस दौरान उनकी मां संगीता और दादा विहारी लाल तिवारी सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं दूसरे पक्ष से सोबरन सिंह पुत्र हरप्रसाद लोधी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि 25 जुलाई की शाम उनका पुत्र महेंद्र सिंह और भाई मान सिंह खेत से मूंगफली की फसल की रखवाली कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रामकंकन तिवारी, मनमोहन तिवारी, भोले तिवारी, प्रिंस तिवारी, दिलीप तिवारी, राम किशोर तिवारी और सुभाष तिवारी ने उन्हें घेर लिया और लाठी-डंडे, फरसा, कुल्हाड़ी तथा तलवार से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं कुंवरबाई, मीराबाई और सोमवती को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। थाना बार पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर बीएनएस की धारा 109, 191(2), 191(3), 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा कायम किया गया है।

## ससुराल पक्ष की धमकियों से आहत विवाहिता ने तीसरी मंजिल से लगाई छलांग

ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम किसरदा में एक विवाहिता द्वारा मकान की तीसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने पति, सास और ससुर पर लगातार प्रताड़ित करने तथा न्यायालय में जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम किसरदा निवासी कल्याण सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री चंदा की शादी 13 मार्च 2023 को ललितपुर निवासी सुमित के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के साथ विवाद शुरू हो गया था। इसके चलते चंदा ने न्यायालय में घरेलू हिंसा और भरण-पोषण का मामला भी दायर कर रखा था, जिसकी सुनवाई चल रही थी। आरोप लगाया गया है कि 17 जुलाई 2026 को महरौनी न्यायालय में पेशी के दौरान पति सुमित, ससुर प्रकाशचंद्र तथा सास सुदामा ने चंदा और उसके पिता को रोककर गाली-गलौज की। आरोप है कि तीनों ने धमकी दी कि यदि वह अगली तारीख पर न्यायालय पहुंचे तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा और किसी को उनकी लाश तक नहीं मिलेगी। परिजनों का आरोप है कि लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक प्रताड़ना से चंदा काफी भयभीत और तनावग्रस्त रहने लगी थी। इसी के चलते 29 जुलाई की सुबह उसने अपने मकान की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पिता की तहरीर पर थाना महरौनी पुलिस ने पति सुमित, ससुर प्रकाशचंद्र और सास सुदामा के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत मुकदमा कायम किया है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक का पैर टूटा

ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दाहिने पैर की हड्डी टूट गई। घायल के पिता की शिकायत पर पुलिस ने बाइक के पंजीकरण नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कुरौरा निवासी बालकिशन ने तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र अमित 27 मार्च 2026 की सुबह करीब नौ बजे डीजल भरवाने के लिए छपरट स्थित बडौनिया पेट्रोल पंप गया था। इसी दौरान ललितपुर की ओर से तेज गति से आ रही बाइक संख्या यूपी-94 एजे-0604 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए अमित को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दाहिने पैर की हड्डी टूट गई। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महरौनी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार युवक का लंबे समय तक इलाज चलता रहा। इलाज के बाद उसके परिवार ने कार्रवाई की मांग को लेकर 1 अगस्त को महरौनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए) और 125(बी) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान के तहत युवाओं ने ली नशा छोड़ने की शपथ

**» पीएनबी व आरसेटी के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाली**

**» एलडीएम हरीश कुमार बोले- युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत**

स्वतंत्र प्रभात | ललितपुर




भारत सरकार के नशा मुक्त युवा-विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी कार्यालय द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं एवं प्रशिक्षुओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया। शुभारंभ उपस्थित अतिथियों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा नशा मुक्ति की शपथ के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने स्वयं नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा नशा मुक्त, स्वस्थ और सशक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें प्रतिभागियों ने नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो, नशा मुक्त युवा-विकसित भारत और स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।

रैली ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया और समाज में नशा मुक्ति का सकारात्मक संदेश दिया। एलडीएम हरीश कुमार ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, सामाजिक जीवन और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और सकारात्मक सोच ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि युवा नशे से दूर रहकर शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं, तो विकसित भारत का सपना जल्द साकार हो सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के अन्य लोगों को भी नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। इस दौरान मुकेश पटेल, सौरभ पराशर, रोहित, आरसेटी प्रशिक्षुओं, बैंक अधिकारियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पदोन्नति पर राजकुमार पुरोहित का सम्मान, नवागत बीईओ नीतू वर्मा का हुआ स्वागत

### सेवानिवृत्त शिक्षिका सावित्री साहू सम्मानित, मेधावी विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात | महरौनी




पूर्व माध्यमिक विद्यालय चौकी के तत्वावधान में आयोजित विदाई एवं सम्मान समारोह में महरौनी विकासखंड के पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पुरोहित के वरिष्ठ प्रवक्ता, डायट झांसी पद पर पदोन्नत होने पर भव्य सम्मान किया गया। वहीं नवागत खंड शिक्षा अधिकारी नीतू वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षिका सावित्री साहू को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा कक्षा 8 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

अपने संबोधन में राजकुमार पुरोहित ने कहा कि महरौनी ब्लॉक के शिक्षकों ने सदैव टीम भावना के साथ कार्य किया, जिसके कारण विकासखंड ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वहीं नीतू वर्मा ने कहा कि वे अपने पूर्वाधिकारी के कार्यों से प्रेरणा लेकर महरौनी ब्लॉक को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि राजकुमार पुरोहित के कार्यकाल में शिक्षकों को हमेशा सकारात्मक सहयोग मिला। उन्होंने सभी शिक्षक संगठनों से एकजुट होकर शिक्षा और शिक्षकों के हितों के लिए कार्य करने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने भी श्री पुरोहित के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया।

समारोह में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षामित्र, एआरपी, नोडल संकुल, अभिभावक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सिंह चौहान ने किया, जबकि अंत में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश चौहान ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बिना हेलमेट, तीन सवारी एवं नाबालिग द्वारा वाहन संचालन के विरुद्ध चलाया अभियान

**ललितपुर**। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों/तिराहों पर सघन जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहन चालकों/आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगायें। दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी बैठाकर न चलें। बिना नंबर प्लेट के वाहन न चलायें। नशे की हालत में वाहन न चलायें। वाहन को ओवरस्पीड में न चलायें। सड़क पर सदैव अपनी बायीं दिशा में चलें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। चार पहिया वाहन (कार) चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें।

